शुक्रवार
शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
01 जुलाई 2025
काव्यांजलि
2559
दिन
मंगलवार
आपका दिन शुभ हो।

# कक्षा- 3, विषय- हमारा परिवेश, पाठ-1

## हमारा परिवार (भाग- 3)

माँ ने धागा लिया और,
मधु ने अपना बॉक्स लिया।
सबकी सब चीजें देकर के,
दादा जी ने मन जीत लिया।।



मधु के परिवार में सब,
मिल-जुल खेती का काम करें।
कपड़ों में इस्त्री करने का,
पापा जी व्यापार करें।।

माँ, मोनू और मधु मिलकर,
मदद करें सब पापा की।
मधु, मोनू दादा जी संग,
करें हिफाजत पौधों की।।

सुन्दर से इस परिवार में,
मिल-जुल करते घर का काम।
मधु के इस परिवार को बच्चों,
आओ सब मिल करें प्रणाम।।



रचना:-
मंजू शर्मा "माधुरी" (स०अ०)
प्रा० वि० नगला जगराम
ब्लॉक- सादाबाद, हाथरस



दिनांक
02 जुलाई
2025

# काव्यांजलि

2560

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 7

हमारा भूमण्डल

पाठ- 9

## प्राकृतिक प्रदेश एवं जनजीवन (सवाना प्रदेश- मानव जीवन)

अधिक गर्मी, जल की कमी में भी,
विकसित है यहाँ मानव जीवन।
बड़ी-बड़ी घासों की है बहुलता,
फिर भी चल रहा है मानव जीवन।।



यहाँ की मसाई जनजाति,
पशुपालन का काम है करती।
गाय, बैल, भेड़, बकरी, संग,
यहाँ से वहाँ घूमती रहती।।




माँस, दूध, पशु उत्पादन का,
होता स्थानीय उपभोग यहाँ।
उद्द्योग विकसित होने की,
सम्भावना है अपार यहाँ।।

जनजाति हौसा का व्यवसाय,
मुख्य काम है खेती करना।
मक्का, ज्वार, बाजरा, मूंगफली,
आदि फसलें खेतों में उगाना।।

रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
03-07-2025

काव्यांजलि
2561


दिन
गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

## कक्षा- 4, विषय- पर्यावरण, पाठ- 11

## जल ही जीवन (भाग- 2)

# जल प्रदूषण के कारण



नदियों, तालाबों और कुओं का,
जल होता है बहुत प्रदूषित।
अगर स्वस्थ, बीमारी रहित,
रहना तो रहिए सदा जाग्रत।।


नदी-करकट नदी, कुओं और,
तालाबों में फेंका जाता है।
नालों का गन्दा गाँव का पानी,
सीधे वहीं पर जाता है।

अपशिष्ट पदार्थ गिरें नदियों में,
उपयोगहीन हो जाता है।।
कीटनाशकों, उर्वरकों से,
भू-गत जल दूषित हो जाता है।।

पास कुआँ, तालाब, नदी के,
कपड़े धुलना और नहाना।
जानवरों को और वहाँ पर,
नहलाने को भी ले जाना।।

## रचना:-

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



जुगल किशोर त्रिपाठी
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर, जनपद-
झाँसी

शिक्षा का उत्थान | मिशन शिक्षण संवाद | शिक्षक का सम्मान।

# काव्यांजलि 2562

दिनांक 04 जुलाई 2025 | दिन शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 8 विषय- इतिहास

पाठ- 03 (हमारा इतिहास और नागरिक जीवन)

## अंग्रेज-बर्मा युद्ध



कासिम बाजार, चटगाँव, ढाका,
मुर्शिदाबाद की कर दी मांग।
खुली चुनौती दी बर्मा ने,
ऐसा कर अंग्रेजों के नाम।।

वारेन हेस्टिंग्स और बर्मा के,
बीच प्रथम था युद्ध हुआ।
अठारह सौ चौदह से,
छब्बीस ईसवी तक चला।।



अंग्रेजों की विजय हुई,
रंगून पे भी अधिकार हुआ।
यान्डबू की संधि हुई,
अराकान, तनासरिम प्राप्त हुआ।।

मणिपुर हुआ स्वतन्त्र राज्य घोषित,
व्यापारिक समझौता हुआ।
बर्मा और अंग्रेजों के मध्य,
एक युद्ध था खत्म हुआ।।

रचना- अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



## काव्यांजलि 2563

दिनांक 05 जुलाई 2025

दिन शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा - 6

विषय - विज्ञान भारती

पाठ-4 (पास पड़ोस में होने वाले परिवर्तन)

प्रकरण- प्राकृतिक तथा कृत्रिम परिवर्तन



परिवर्तन प्रकृति में जो,
स्वतः ही हुआ करते हैं।
ऐसे परिवर्तन ही हैं,
जो प्राकृतिक कहलाते हैं।।

दिन-रात का जैसे होना,
बर्षा, आँधी, तूफान का आना।
मौसम, बादल, बाढ़ और सूखा,
भूकम्प, ज्वारभाटा का आना।।



मनुष्य द्वारा किए कार्य से,
जो परिवर्तन होते हैं।
ऐसे परिवर्तन ही तो,
मानव कृत कहलाते हैं।।

बने मेज, कुर्सी लकड़ी से,
या सीमेंन्ट, ईंटों से घर।
बने दूध से घी, दही, मक्खन,
या बालों का कोमल फर।।

रचना -
नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर,
निधौली कलां, एटा



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
07 जुलाई
2025

काव्यांजलि
2564

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 3, विषय- हमारा परिवेश, पाठ-2, भाग- 1**

# पास-पड़ोस



खेल खेलते रमन ने,
कहा विवेक से बात।
भाग रहे झोपड़ी से,
काका जी क्यों भ्रात।।

देखो-देखो झोपड़ी,
काका की गिरी जात।
अभी तलक तो ठीक था,
कैसे घटी ये बात।।


तभी राधिका ने कहा,
चलो चलें हम पास।
चोट तो काका को नही,
आयी मित्रों खास।।

रमन, विवेक, इरफान,
अरु गयी राधिका साथ।
जमा पड़ोसी थे सभी,
काका जी के पास।।

रचना:-
मंजू शर्मा "माधुरी" (स०अ०)
प्रा० वि० नगला जगराम
ब्लॉक- सादाबाद, हाथरस



शिक्षा का उत्थान **मिशन शिक्षण संवाद** शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 08 जुलाई 2025

# काव्यांजलि

**2565**

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 8**

## भारत संसाधन एवं विकास (भूगोल)

### पाठ- 1 संसाधन (भाग- 1)

दैनिक जीवन में जिसका हम,
करते प्रयोग उसे कहते संसाधन।
होती है आवश्यकता की पूर्ति,
जीवन सरल बनाते संसाधन।।




बिजली, पानी, सायकिल, रिक्शा,
जीवन के उपयोगी हैं संसाधन।
बस, किताबें कुर्सी और मेज,
ये भी कहलाते हैं संसाधन।।



तीन रूप में मिलते हैं संसाधन,
नाम हैं इनके अलग-अलग।
तीनों का है अपना-अपना महत्त्व,
उपयोग हैं सबके अलग-अलग।।

जो प्रकृति से मिलता हमें,
वह है प्राकृतिक संसाधन।
जिसे मनुष्य स्वयं बनाता,
वह है मानव निर्मित संसाधन।।

रचना-
रुखसाना बानो (स०अ०)
कम्पोजिट विद्यालय अहरौरा
जमालपुर, मीरजापुर



आओ हाथ से हाथ मिलायें 9458278429 बेसिक शिक्षा का मान बढ़ायें।



# काव्यांजलि

दिनांक 09.07.2025

2566

दिन बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- जूनियर स्तर, विषय- स्काउट/गाइड, पाठ- 13

## सेवा

स्काउटिंग का समाज सेवा का,
निकट का होता है सम्बन्ध।
निस्वार्थ भाव से सेवा करके,
यह जीवन का लेते हैं आनन्द।।



विभिन्न क्षेत्रों में अक्सर,
यह सदैव सेवा देने जाते है।
हर परिस्थिति में स्काउट/गाइड,
अनुशासन, संयम अपनाते हैं।।

स्वच्छता अभियान चलाकर,
सार्वजनिक स्थान साफ करते।
जल सेवा अपनाकर कर यह,
सबसे बड़ा पुण्य करते।।



पशु-पक्षियों को सेवा करते,
प्रकृति प्रेमी यह कहलाते,
अपनी अच्छी आदतों के कारण,
यह सबस उत्तम माने जाते।।

रचना- शहनाज बानो (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० भौंरी
मानिकपुर, चित्रकूट


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
10 जुलाई
2025

## काव्यांजलि
2567

दिन
गुरुवार

पाठ- 05

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 8 विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)

## चॉकलेट का निर्माण

उद्योगों के विविध रूप,
निर्भरता जिन पर रहती है।
आओ जानें प्यारे बच्चो!
चॉकलेट कैसे बनती है?





परत ऊपरी छील-छीलकर,
कोको फल का बीज निकालें।
फिर इन बीजों को अच्छे से,
धूप में फैला करके सुखा लें।।


सूखे फल बोरे में भर कर,
देश-विदेश में देते भेज।
कारखानों में बीज पीसकर,
तरल पदार्थ बनाते सहेज।।

तरल पदार्थ में फिर हैं मिलाते,
जितनी जरूरत चीनी, दूध।
अंत में चॉकलेट तैयार होती,
बच्चों को भाती है खूब।।

रचना-
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 11/07/2025
काव्यांजलि
2568
दिन Friday

आपका दिन शुभ हो।

## Class 2 Unit 1, Chapter 1

# My Bicycle



My bicycle is red,
Green helmet on head.
Trin, trin sounds bell,
Never l fell.

When rings the bell,
My friends knows well.
Its time to move aside,
To walk on roads side.

Seat is blue,
It gives me clue.
Pedals & tyres black,
Bicycle is on track.


Only needed some air,
Anywhere without fare.
l go on my bicycle,
I love my red cycle.



**Written by:**

Supriya Singh (A.T.)
C. S. Baniyamau
Machhrehta, Sitapur

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 04 विषय- (पर्यावरण)
पाठ- 4 (भाग- 01)

# हमारा भोजन

मानव शरीर है जो खाता,
हरदम है ऊर्जा पाता।
भोजन से मिलती ताकत भरपूर,
पोषण होता व बीमारियाँ होती दूर।।



सन्तुलित भोजन ही है,
जीवन का आधार।
सभी पोषक तत्व हों,
न हो एक की भरमार।।
रोगों से हमें यह बचाता,
प्रतिरोध क्षमता है बढाता।
नियमित इसका उपयोग,
जीवन को स्वस्थ बनाता।।



शरीर की वृद्धि व मरम्मत,
प्रोटीन का कार्य होता।
तुरन्त ऊर्जा मिलती हमें,
खाते है हम जब वसा।।

रचना:-
सुधांशु श्रीवास्तव (स०अ०)
प्राथमिक विद्यालय मणिपुर
ऐरायां, फ़तेहपुर



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
14 जुलाई 2025

# काव्यांजलि
## 2570

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 3, विषय- हमारा परिवेश, पाठ-2, भाग- 2

## पास-पड़ोस



चिन्तित थे काका बहुत,
गये बहुत घबड़ाय।
गिरी झोंपड़ी क्या करूँ,
कैसे करूँ उपाय।।

पत्नी, बेटा पास नहीं,
कुछ न मुझे सुझाय।
बहुत अकेला मैं यहाँ,
समझ न मेरे आय।।

मौसम है बरसात का,
समय बहुत कम पास।
जल्दी सब कैसे करूँ,
मन है बहुत उदास।।

काका आस पड़ोस की,
करते सदा सहाय।
परेशान उनको देखकर,
साथ खड़ा समुदाय।।

रचना:-
मंजू शर्मा "माधुरी" (स०अ०)
प्रा० वि० नगला जगराम
ब्लॉक- सादाबाद, हाथरस

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



# काव्यांजलि 2571

दिनांक 15 जुलाई 2025

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 8, विषय- गृह शिल्प, पाठ- 5**

**खाद्य पदार्थों में मिलावट**

## शुद्ध दूध की पहचान



गरम करें जो शुद्ध दूध को,
मोटी पड़े मलाई।
खाने में स्वादिष्ट बड़ा हो,
जानों मोरे भाई।।

शुद्ध दूध की एक बूँद को,
समतल जगह पर पे छोड़े।
स्थिर बूँद पड़ी रहती है,
अपनी जगह न छोड़े।।

रंग दूधिया शुद्ध दूध का,
कर लो तुम पहचान।
नकली दूध से हेल्थ को खतरा,
रहना तुम सावधान।।

विश्वसनीय विक्रेता से ही,
सदा खरीदें दुग्ध।
कम कीमत पे मिले मिलावटी,
हो न जाना मुग्ध।।

रचना:-
राज कुमार शर्मा (प्र०अ०)
UPS चित्रवार, क्षेत्र- मऊ
जनपद- चित्रकूट



दिनांक 16/07/2025

# काव्यांजलि
2572

दिन बुधवार


आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 6

इकाई- 9, लम्ब और समान्तर रेखाएँ विषय- गणित


## दो समान्तर रेखाओं व एक तिर्यक रेखा द्वारा बने कोण
(भाग- 1)

जब दो समान्तर रेखाओं को,
एक तिर्यक रेखा काटती है।
तब आठ कोण बनते हैं,
ये रेखागणित सिखाती है।।




बने चार कोण बाह्य क्षेत्र में,
शेष चार अंतः क्षेत्र में।
इन कोणों की करे पहचान,
जाने क्या हैं? इनके नाम।।

कहाते बाह्य कोण, अन्तः कोण,
संगत और एकान्तर कोण।
दो प्रकार के हैं एकान्तर,
बाह्य एकान्तर, अन्तः एकान्तर।।




चित्र में बाह्य क्षेत्र में स्थित,
1, 2, 7, 8 हैं बाह्य कोण।
और अन्तः क्षेत्र में स्थित,
3, 4, 5, 6 हैं अन्तः कोण।।


रचना-
सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र



शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 17-07-2025

## काव्यांजलि

2573

दिन गुरूवार

आपका दिन शुभ हो।

## कक्षा-2 विषय- अंग्रेजी पाठ-साउण्ड वर्ड्स

Vowels पाँच हैं होते,
A, E, I, O, U कहलाते।
जैसे हिन्दी में मात्रायें ,
साउण्ड वर्ड ये कहलाते।।




A साउण्ड वर्ड में आते,
FAT, MAN, CAP जैसे शब्द।
E साउण्ड कहलाते,
RED, BED, TEN जैसे शब्द।।

I साउण्ड वर्ड हैं होते,
PIN, KIT, TIP आदि शब्द।
O साउण्ड वर्ड हैं होते,
COT, POT, SON आदि शब्द।।

U साउण्ड के शब्द होते,
CUT, BUN, SUM के जैसे।
इन सबको याद रखेंगे तो,
इंगलिश बोलेंगे मैम के जैसे।।


रचना- ज्योति सागर' सना (स०अ०)
पी एम श्री उ० प्रा० वि० सिसाना (1-8)
बागपत, बागपत


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 18-07-2025

## काव्यांजलि
2574

दिन शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 6, विषय- अक्षरा, पाठ- 13**

## अमर शहीद भगत सिंह के पत्र

# भाई कुलवीर सिंह जी को लिखा पत्र




प्रिय भाई कुलवीर सिंह जी,
है अकाल सत श्री तुमको।
आये माँ को संग लिए तुम,
न मिल सका है दु:ख हमको।।

नहीं जेल में मिलने देते,
फिर माँ को क्यों संग लाये?
हैं घबराई बहुत रो रहीं,
बैचेनी के मुझ पर साये।।

हालातों में साहस रखिए,
संकट में जग में कई लोग।
पाबन्दी मिलने की हटी गर,
न मिल पायें, ये संयोग।।


पता चला माँ भारी दु:ख में,
घबराने का बात नहीं।
दो-चार मुलाकातें यदि होगीं,
नहीं तसल्ली हो, ये सही।।

**रचना:-**



जुगल किशोर त्रिपाठी
प्रा० वि० बम्हौरी (कम्पोजिट)
ब्लॉक- मऊरानीपुर, जनपद- झाँसी

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
19 जुलाई 2025

# काव्यांजलि
## 2575

दिन
शनिवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 12
भाग- 01

**कक्षा -05 विषय- भूगोल (प्रकृति)**

# आपदाएँ



अचानक से आने वाला संकट,
आपदा कहलाता है।
जन-जीवन होता अस्त्र-व्यस्त,
जीवन पर भारी संकट आता है।।




आँधी, सुनामी और बाढ़ आदि,
आपदाएँ प्रकृति जन्य होती है।
होता इसे अपार नुकसान,
ये प्राकृतिक आपदाएँ कहलाती है।।

मानव के हस्तक्षेप के कारण,
जो आपदाएँ आती हैं।
प्रदूषण, दंगा और आगजनी आदि,
मानवजनित आपदाएँ कहलाती हैं।।

सुरक्षा और जानकारी से,
हम इनसे बच सकते हैं।
अपने जीवन और सामान की,
हम रक्षा कर सकते हैं।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात





दिनांक
21 जुलाई
2025

# काव्यांजलि
2576

दिन
सोमवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 2, विषय- हिन्दी, पाठ- 16

## ......गिलहरी और कौआ...

नीम के पेड़ में रहते थे,
कौआ और गिलहरी।
कौआ बोला करेंगे खेती,
मिलकर बहन गिलहरी।।



जब भी काम की बारी आयी,
खेत जोत लें कौआ भाई।
बैठ चैन से ऊँची डाली,
कौवे ने ये बात दोहरायी।।

तू चल मैं आता हूँ,
चुपड़ी रोटी खाता हूँ।
ठण्डा पानी पीता हूँ,
हरी डाल पर बैठा हूँ।।

फसल पकी और हुई कटाई,
अपना हिस्सा बाँट घर लायी।
बरसा पानी बहा अनाज,
कौवे को कुछ सुध नहीं आयी।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।




रचना:-
पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
वि०ख० व जनपद- चित्रकूट

शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
काव्यांजलि
2577
दिनांक 22 जुलाई 2025
दिन मंगलवार
पाठ- 05
आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 8 विषय- भूगोल (पृथ्वी और हमारा जीवन)

# समुद्री नमक का निर्माण



बड़ी-बड़ी क्यारियाँ बनाते,
समुद्र के तट पर।
ज्वार आने पर इनमें,
समुद्र का जल जाए भर।।


फिर इन क्यारियों की मेड़ों को,
ऊँचा कर दिया जाता है।
फिर से पानी भरे ना इनमें,
ऐसा इसलिए किया जाता है।।

कुछ दिनों बाद भाप बन पानी,
उड़ जाता वायुमण्डल में।
नमक बचा रह जाता है,
क्यारियों की तलहटी में।।

खोद नमक को, बोरों में भर,
बाजार पहुँचाते हैं।
मशीनों से कर साफ इसे,
खाने योग्य बनाते हैं।।

रचना-
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा० वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी





दिनांक
23 जुलाई 2025

# काव्यांजलि
2578

दिन
बुधवार

आपका दिन शुभ हो।

पाठ- 12
भाग- 02

## कक्षा -05 विषय- भूगोल (प्रकृति)

## बाढ़

अत्यधिक वर्षा के कारण जब,
रिहायसी क्षेत्र जलमग्न हो जाते हैं।
प्यारे बच्चों! इस स्थिति को,
हम सब बाढ़ कहते है।।



कभी-कभी बादल फटने से या,
बाँध टूटने से भी बाढ़ आ जाती है।
अपार जान माल की हानि,
बाढ़ आ जाने पर होती है।।

बाढ़ की सूचना मिलने पर,
कीमती समान सुरक्षित रखें।
कुछ उपयोगी और जरूरी,
चीजें अपने साथ भी रखें।।


बाढ़ की स्थिति आ जाने पर,
ऊँचे स्थानों पर जाएँ।
बिजली के तारों से दूर रहे,
सुरक्षित स्थान पर पहुँच जाएँ।।

रचना-
मृदुला वर्मा (स०अ०)
प्रा० वि० अमरौधा प्रथम
क्षेत्र- अमरौधा, जनपद- कानपुर देहात

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।



दिनांक
24/07/2025


## काव्यांजलि
2579

दिन
गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।


विषय: विज्ञान
कक्षा: 8

पाठ 13 कार्बन के अपरूप (भाग 1)




प्रकृति में जितने है तत्व मिलते,
प्रथम महत्व है कार्बन का।
सजीव में भी और निर्जीव में भी,
C प्रतीक हैं कार्बन का।।

जितने काले पदार्थ जग में,
सभी इसी के हैं रूप समझो।
मुक्त रूपों में ये पाया जाता,
अत्यन्त कठोर और चमकता।।




जब ये उपस्थित रहे हाइड्रोजन रूप में,
कहते हैं हम सब इसे हाइड्रोकार्बन।
देता है ये शरीर को उर्जा,
पेशियों, रक्त, उत्तकों के निर्माण में यही है।।

कार्बन के दो होते हैं अपरूप,
एक क्रिस्टल दूजा अक्रिस्टल।
ग्रेफाइट हीरा है बच्चों क्रिस्टल,
चारकोल, काजल, कोक अक्रिस्टल।।



रचना:-
डॉ० शालिनी गुप्ता (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० मुर्धवा (1-8)
म्योरपुर, सोनभद्र

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 25/07/2025

## काव्यांजलि

2580


दिन शुक्रवार

आपका दिन शुभ हो।

कक्षा- 2 पाठ-11 विषय- हिन्दी (सारंगी 2)

## बैंगनी जोजो

जोजो सोया पेड़ के नीचे,
जग कर आई बेचैनी।
आखिर किसने दिये मुझे,
यह धब्बे से बैंगनी।।




भौं-भौं करके उसने पूँछा,
बादल, सूरज और कौवे से।
बोले हम तो सफेद, पीले,
बैंगनी ना होगा काले से।।

गुब्बारे और घास से पूँछा,
तुमने दिए क्या बैंगनी धब्बे?
हम तो लाल और हरे हैं,
हम कैसे देंगे बैंगनी धब्बे?

ऊँ ऊँ ऊँ करके जोजो रोये,
बैंगनी धब्बे कहाँ से आये?
जामुन का वह पेड़ था जिसके,
नीचे थे वह जोजो सोये।।

शिक्षा का उत्थान मिशन शिक्षण संवाद शिक्षक का सम्मान।




रचना:-
नीतू सिंह (प्र०अ०)
प्रा०वि० समोखर
निधौली कलां, एटा

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 26/07/2025

## काव्यांजलि 2581

दिन शनिवार

आपका दिन शुभ हो।


कक्षा- 6

इकाई- 9, लम्ब और समान्तर रेखाएँ विषय- गणित

## दो समान्तर रेखाओं व एक तिर्यक रेखा द्वारा बने कोण

### संगत कोण (भाग- 2)

दो समान्तर रेखाओं को,
जब काटे तिर्यक रेखा।
बने संगत कोणों के चार युग्म,
यही चित्र में हमने देखा।।




युग्म प्रथम 1,5 द्वितीय 2,6,
युग्म तृतीय 3,8 चतुर्थ 4,7।
तिर्यक रेखा के एक ही ओर,
हर युग्म कोण है स्थित साथ।।

हर युग्म का एक कोण,
स्थित है अन्तः क्षेत्र में।
और युग्म का दूजा कोण,
स्थित देखो बाह्य क्षेत्र में।।

हर युग्म के कोण नापो,
आपस में बराबर होते हैं।
निष्कर्ष यही निकलता कि,
संगत कोण बराबर होते हैं।।

रचना-
सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र



शिक्षा का उत्थान
मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।
दिनांक
28/7/2025
काव्यांजलि
2582
दिन
सोमवार
आपका दिन शुभ हो।
कक्षा- 2, विषय- हिन्दी पाठ- 18

# *कुसंगति का फल*

राजा के बिस्तर में,
सफ़ेद चादरों के बीच।
जूँ एक रहती थी,
दिन कई गये थे बीत।।




आया खटमल एक उधर,
जूँ बोली भागो गुस्साती।
आज रात पीने दो खून,
खटमल बोला हूँ तेरा अतिथि।।

जूँ ने भर दी जब हामी,
खटमल ने कर दी मनमानी।
काट लिया राजा को ज्यादा,
याद आ गयी उसको नानी।।

हुक्म दिया सैनिक को फ़ौरन,
खोजो बिस्तर में जूँ, खटमल।
जूँ बेचारी गयी जान से,
भाग गया तेजी से खटमल।।



रचना:-

पुष्पा पटेल (प्र०अ०)
प्रा० वि० संग्रामपुर
वि०ख० व जनपद- चित्रकूट

दिनांक 29/07/2025

काव्यांजलि 2583

दिन मंगलवार

आपका दिन शुभ हो।


कक्षा: 8

विषय: विज्ञान

पाठ: 13

# कार्बन के अपरूप (भाग 2)

कठोर होता है बच्चों हीरा,
मुलायम और स्नेहल ग्रेफाइट।
फुटबॉल के जैसा होता है फुलरीन,
60 परमाणुओं से बना है।।




कैसे बनता है हाइड्रोकार्बन,
और ये कितने तरह का होता।
जब-जब मिले हैं कार्बन हाइड्रोजन,
सदा बना है ये हाइड्रोकार्बन।।

जगत में जितने होते हैं ईधन,
सभी का हिस्सा होता ये कार्बन।
L.P.G. हो या हो C.N.G.,
स्वच्छ ईंधन यही सही है।।

मीथेन है सरल हाइड्रोकार्बन,
एक कार्बन चार हाइड्रोजन।
कहते इनको मार्श गैस हम सब,
कोयला की खानों में विस्फोट का कारण यही है।।



रचना:-
डॉ० शालिनी गुप्ता (स०अ०)
उच्च प्रा० वि० मुर्धवा (1-8)
म्योरपुर, सोनभद्र

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान।



दिनांक 30.07.2024

## काव्यांजलि

2584

दिन गुरुवार

आपका दिन शुभ हो।

**कक्षा- 7 विषय- गृहशिल्प पाठ- 01 भाग- 02**

## उत्तम स्वास्थ्य

### कुपोषण

शरीर के लिए पोषक तत्व जरूरी होता है,
प्रोटीन कार्बोज, वसा, विटामिन, खनिज ही होता।
इनकी मात्रा में कमी या अधिकता,
कुपोषण का कारण कहलाता है।।



कुपोषण के अन्य कारण भी होते,
अल्प या अति पोषण भी जाने जाते
भोज्य पदार्थों में मिलावट हो जावे,
चाहे जनसंख्या में बहुत ही वृद्धि पावे।।

अस्वच्छता कुपोषण की जननी कहलाये,
अज्ञानता इसका पिता माना जाये।
कुपोषण है एक विशेष व्याधि,
इससे पाये हर कोई आजादी।।

कुपोषण का प्रभाव निराला,
शरीर की शक्ति को कम कर डाला।
वजन निरन्तर कम हो जाता,
मांसपेशियां का क्षरण बढ़ जाता।।

**रचना:-**



सुमन मौर्या
प्रा० वि० डेरवाँखुर्द
चहनियाँ, चंदौली

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान
# मिशन शिक्षण संवाद
शिक्षक का सम्मान।

दिनांक 31-07-2025

काव्यांजलि 2585

दिन गुरुवार




आपका दिन शुभ हो।


## कक्षा- 6 विषय- गणित

### इकाई- 9, लम्ब और समान्तर रेखाएँ (भाग- 3)

## एकान्तर अन्तः व एकान्तर बाह्य कोण




दिये पार्श्व चित्र में कोणों के,
युग्म 1,3 व 2,4 देखिए।
प्रत्येक युग्म के दोनों कोण,
हैं अन्तः क्षेत्र में स्थित देखिए।।




तिर्यक रेखा के विपरीत दिशा,
में हैं स्थित जो ये युग्म कोण।
कहाते एकान्तर अन्तः कोण,
या संक्षेप में एकान्तर कोण।।

दिशा विपरीत तिर्यक रेखा के,
स्थित बाह्य क्षेत्र के युग्म कोण।
चित्रानुसार युग्म 5,7 व 6,8,
हैं कहाते एकान्तर बाह्य कोण।।

हर युग्म के एकान्तर कोण,
सदैव आपस में बराबर होते।
व तिर्यक रेखा के एक ओर के,
अन्तः कोणों के योग 180° होते।।



रचना:-
सुमन सिंह (स०अ०)
उ० प्रा० वि० बिल्ली
वि० क्षे०- चोपन, सोनभद्र